**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3644**
**सोमवार, 11 अगस्त, 2025/20 श्रावण, 1947 (शक)**

**उत्तराखंड में रोजगार मेले**

**3644. श्री अजय भट्ट:**

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की राज्य सरकारों के सहयोग से जिला स्तर पर देश भर में रोजगार मेले आयोजित करने की कोई योजना है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तराखंड में आयोजित रोजगार मेलों की संख्या का जिलेवार ब्यौरा क्या है और उनसे क्या परिणाम प्राप्त हुए; और
(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तराखंड में आयोजित रोजगार मेलों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के कितने बेरोजगार युवाओं को जिला-वार रोजगार मिला?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ): रोजगार मेला, युवाओं में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। राज्य सरकारों/मंत्रालयों/विभागों आदि द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत रोजगार मेलों का नियमित आयोजन किया जा रहा है।

चालू वित्त वर्ष सहित पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान दिनांक 10.07.2025 तक उत्तराखंड राज्य में राज्य रोजगार कार्यालयों /आदर्श करियर केंद्रों द्वारा कुल 225 रोजगार मेले आयोजित किए गए।

चालू वित्त वर्ष सहित पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान दिनांक 10.07.2025 तक आयोजित रोजगार मेलों, रोजगार मेलों में भाग लेने वाले और उनमें अनंतिम रूप से चयनित (एससी/एसटी उम्मीदवारों सहित) रोजगार चाहने वालों का जिला-वार विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

| क्र.सं. | जिले का नाम | रोजगार मेलों की संख्या | रोजगार चाहने वाले प्रतिभागी | अनंतिम रूप से चयनित रोजगार चाहने वाले |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अल्मोड़ा | **86** | **8270** | **3215** |
| 2. | बागेश्वर | **2** | **147** | **81** |
| 3. | चंपावत | **9** | **354** | **225** |
| 4. | देहरादून | **78** | **2233** | **289** |
| 5. | गढ़वाल | **5** | **429** | **49** |
| 6. | हरिद्वार | **43** | **2162** | **322** |
| 7. | उधम सिंह नगर | **2** | **84** | **26** |
| **योग** | | **225** | **13679** | **4207** |

*****